टीएफडी -2023-24-000109

दिनांक: 31.01.2024

विषय: इंटरनेशनल फूड एंड ड्रिंक इवेंट (आईएफई), लंदन, यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) (25 से 27 मार्च 2024) में एपीडा की भागीदारी

प्रिय निर्यातक,

एपीडा द्वारा इंटरनेशनल फूड एंड ड्रिंक इवेंट (आईएफई) में भागीदारी दर्ज की जा रही है जो 25 से 27 मार्च, 2024 तक लंदन, यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) में आयोजित किया जाएगा । वर्ष 2023 में आयोजित आईएफई लंदन का पूर्व संस्करण काफी सफल रहा। यह अखिल विश्व के कई कृषि उत्पादों के आयातकों और निर्यातकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय भी है।

प्रदर्शनी को भारतीय खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करने और भारतीय निर्यातकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया जाएगा। भारतीय पवेलियन में 9 वर्ग मीटर आकार में लगभग 10-12 निर्मित स्टॉल होंगे और इन्हें निर्यातकों को आवंटित किया जाएगा। इस संबंध में , एपीडा, एपीडा पवेलियन के अंतर्गत आईएफई लंदन 2024 में भागीदारी के लिए पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।

इच्छुक भागीदार नीचे दिए गए लिंक के अनुसार ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं:-
https://apeda.gov.in/apedawebsite/trade_promotion/International_trade_event_2023_24.htm

इवेंट में भाग लेने के अनुरोध पर दिनांक 28.02.2024 तक विचार किया जाएगा। स्टॉल शुल्क की गणना की जाएगी जिसे स्टॉल आकार के अनुसार अलग से सूचित किया जाएगा। स्टॉल का आवंटन आईएफई लंदन और एपीडा के मानदंडों को पूरा करने के बाद किया जाएगा। यदि आवेदकों की संख्या स्टॉल की उपलब्धता से अधिक है तो आवंटन अध्यक्ष , एपीडा द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए, आप श्री हरप्रीत सिंह , सहायक महाप्रबंधक, ईमेल: harpreet@apeda.gov.in मोबाइल: 9818810899 पर संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद,

मान प्रकाश विजय
उप महाप्रबंधक